Regarding train facility for Bhilwara

श्री दामोदर अग्रवाल (भीलवाड़ा) **:** माननीय सभापति महोदया, मैं आपको आभार ज्ञापित करता हूं कि आपने मुझे शून्यकाल में आज सदन में अपनी बात रखने का अवसर दिया ।

महोदया, मैं प्रथम बार बोल रहा हूं, इसलिए, अपने निर्वाचन क्षेत्र भीलवाड़ा के मतदाताओं को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने मुझे मत एवं समर्थन देकर उनकी बात इस सदन में रखने का अवसर प्रदान किया ।

माननीय सभापति महोदया, भीलवाड़ा वस्त्र नगरी के नाम से विख्यात है । जीडीपी में राजस्थान प्रदेश देश में तीसरा स्थान रखता है । प्रतिमाह 10 करोड़ मीटर कपड़े का उत्पादन और 50,000 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार देता है । सरकार का बड़ा रेवेन्यू प्रदाता है । 25 हजार करोड़ रुपए के वार्षिक टर्नओवर एवं छ: हजार करोड़ रुपए के कपड़े व यार्न का निर्यातक है ।

भीलवाड़ा से मुंबई व मुंबई से भीलवाड़ा प्रतिदिन सैकड़ों उद्यमी, व्यवसायी, जन-साधारण सफर करते हैं । दिन-प्रतिदिन मुंबई के लिए सीधी रेल सुविधा नहीं होने से आमजन को भारी परेशानी हो रही है । कोविड काल से पहले ट्रेन नंबर 12995 / 12996 एवं ट्रेन नंबर 22901 / 22902 के फेरे नियमित रूप से मुंबई ? भीलवाड़ा की सुविधा हमको प्राप्त थी ।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से पुरजोर निवेदन करता हूं कि अजमेर से मुंबई के लिए चलने वाली ट्रेनों में से कम से कम एक ट्रेन को प्रतिदिन वाया भीलवाड़ा करके हमें राहत प्रदान करें । धन्यवाद ।

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य श्री दिलेश्वर कामैत ? उपस्थित नहीं ।

? (व्यवधान)